# RAF SECTOR

## NEWS CLIP

02/03/2023

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Rajasthan Darshan, Jodhpur, (RAJ)**

# आगामी त्यौहारो के मद्देनजर जिला कलेक्टर पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता मे शांति समिति की बैठक आयोजित

राजस्थान दर्शन

**नागाणी** सिरोही सदर थाना के कृष्णगंज पुलिस चौकी मे जिला कलेक्टर डॉ भंवरलाल. की अध्यक्षता मे मंगलवार सुबह 12 बजे सीएलजी एवं शांति समिति की मीटिंग आयोजित की गई कलेक्टर डॉ भंवरलाल और पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने मंगलवार को विभिन्न समाज प्रमुखों की बैठक लेकर क्षेत्र में त्यौहारो पर सामाजिक सौहार्द बनाये रखने की अपील करते हुए कहा कि सिरोही शांतिप्रिय जिला है,और जिले मे आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाया रखा जावे।किसी भी बाहर की घटनाओं का प्रभाव अपने क्षेत्र में न पड़ने देवे। सोशल मीडिया में अनावश्यक टिप्पणी न की जावे । पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर लगातार निगरानी की जा रही है तथा जो



भी व्यक्ति सोशल मीडिया में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाली पोस्ट करेंगे, उनके विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी । कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने समाज प्रमुखों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने समाज के लोगों की बैठक लेकर समझाईश दे। कोई भी व्यक्ति समाज में वैमनस्य फैलाने का प्रयास न करें। किसी की भावनाओं को आहत न किया जावे। किसी प्रकार की दिक्कत हो तो उसकी शिकायत पुलिस थाना में दर्ज कराई जावे। वही उन्होंने अपील करते हुए कहा की आपके क्षेत्र मे अपराध ,चोरिया आदी रोकने के लिए पुलिस का सहयोग करे।साथ हि ग्रामीणों ने भी अपनी अपनी विभिन्न समस्याओं से जिला कलेक्टर एवं एसपी को अवगत करवाया जिस पर जिला कलेक्टर एवं एसपी ने हर समस्या से निजात दिलवाने का भरोसा दिया।साथ डी/100 आरएएफ बटालियन वस्त्राल अहमदाबाद के सहायक कमांडेड राजेश कुमार तिवारी बटालियन आरएएफ के कार्य के बारे में जानकारी दी एवं कानून व्यवस्था पर चर्चा की। बैठक में कमांडेट तिवारी ने कहा कि आरएएफ की टीम संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों में संभावित आपराधिक घटनाओं को रोकने या दंगे भड़कने की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कार्रवाई करता है। उन्होंने कहा कि बटालियन की टीम इस समय सिरोही जिले में है और वह विभिन्न संवेदनशील और अतिसंवेदनशील क्षेत्रों में जाकर पुलिस के साथ मिलकर मोबाइल पेट्रोलिंग, फ्लैग मार्च कर रही है। कमांडेड तिवारी ने कहा कि इस परिचित अभ्यास में जिले के सभी पुलिस थानों का दौरा किया जा रहा है और पुलिस के साथ मिलकर सीएलजी व शांति समिति की बैठक ली जारही है।इस मीटिंग मे सदर थाना सीआई बुद्धाराम चौधरी, एएसआई हरचरन, हेड कांस्टेबल खीमसिंह, नरपतसिंह, कांस्टेबल देवेंद्र सिंह, सितराम, सहित सदर थाना क्षेत्र के वेळांगरी, वाड़ेली, सिंदरथ, डोडुआ, तेलपीखेड़ा, मीरपुर आदि गावों के सीएलजी सदस्य एवं समाज प्रमुख, सरपंच गण, समाजसेवी,सहित आदि कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar, Sirohi, (RAJ)

# होली को लेकर सीएलजी बैठक आयोजित

## आरएएफ बटालियन के कार्यों के बारे में जानकारी दी

भास्कर न्यूज़ | नागाणी

ग्राम पंचायत परिसर नागाणी में मंगलवार को अनादरा एसएचओ बलभद्र सिंह और आरएएफ बटालियन की एक प्लाटून के सहायक कमांडेंट राजेश कुमार त्रिवेदी की अध्यक्षता में सीएलजी की बैठक आयोजित की गई। जिसमें आरएएफ बटालियन के कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। एसएचओ बलभद्रसिंह ने कहा कि आरएएफ की टीम संवेदनशील व अति संवेदनशील इलाकों में संभावित घटनाओं को रोकने या दंगे भड़कने की सूचना मिलने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर कानून व्यवस्था को बनाए रखने की कार्रवाई करती है। बलभद्रसिंह ने ग्रामीणों को कहा कि आप सभी के सहयोग से ही कानून व्यवस्था को सही बना सकते हैं।



होली के त्योहार को लेकर सीएलजी बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

होली के त्योहार पर कोई कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करे तो तुरंत पुलिस को सुचना दे। बैठक में सरपंच भारती मेघवाल, दौलाराम मेघवाल, जगमाल सिंह देवड़ा, मोटाराम चौधरी, नागेन्द्र सिंह देवड़ा, जितेंद्र सिंह देवड़ा, मानाराम मेघवाल आदि मौजूद थे।

Dainik Jagran, Kurukshetra, (HR)

# आरएएफ ने दंगाइयों से निपटने का किया प्रदर्शन

जागरण संवाददाता, कुरुक्षेत्र : रैपिड एक्शन फोर्स का साप्ताहिक अभ्यास कार्यक्रम मंगलवार को समाप्त हो गया। केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय की गाइड लाइन के अनुसार 194 वाहिनी के कमांडेंट राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर जिले से परिचित अभ्यास के लिए 22 फरवरी को फोर्स पहुंची थी। 194 वाहिनी के सहायक कमांडेंट राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में अभ्यास के अंतिम जिला पुलिस लाइन में दंगा होने की स्थिति में दंगाइयों से कैसे निपटना है, उसका प्रदर्शन जिला पुलिस के जवानों के सामने किया गया। आरएएफ की ओर से प्रयोग में लाए गए विभिन्न हथियारों तथा स्पेशल उपकरणों से पुलिस के जवानों को परिचित कराया गया। इस अभ्यास में निरीक्षक राजबीर, पसविंद्र सिंह, निरीक्षक मीतू कुमारी तथा अन्य जवानों ने भाग लिया। 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी कमांडेंट राकेश कुमार सिंह व राजीव कुमार असिस्टेंट कमांडेंट के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों की जानकारी जुटाने के लिए कुरुक्षेत्र पहुंची थी। 22 फरवरी को रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारियों ने जिले के अधिकारियों से मुलाकात कर कुरुक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व जिला में स्थापित महत्वपूर्ण संस्थानों के बारे मे चर्चा की थी। सप्ताह भर चले अभ्यास कार्यक्रम के दौरान आरएएफ की टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वहां के जनप्रतिनिधियों से मुलाकात कर हालात के बारे में जायजा लिया। रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने पुलिस की टीमों के साथ मिलकर फ्लैग मार्च निकाले। डीएसपी नायब सिंह ने आरएएफ के अधिकारियों का धन्यवाद किया और कहा कि इस प्रदर्शन से जिला पुलिस के जवानों को दंगा जैसे हालातों में प्रदर्शनकारियों से निपटने में आसानी होगी। इसके लिए उन्होंने 194 बटालियन के जवानों तथा अधिकारियों का आभार व्यक्त किया।



आरएएफ की ओर से प्रयोग में लाए गए विभिन्न हथियारों तथा स्पेशल उपकरणों से पुलिस के जवानों को परिचित कराते अधिकारी। • जागरण।

रैपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमांडेंट राजीव कुमार सिंह ने उपायुक्त शांतनु शर्मा, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भोरिया सहित जिले के अन्य अधिकारियों से सकारात्मक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

Yes Babu News, Kurukshetra, (HR)

# रैपिड एक्शन फोर्स ने अभ्यास के अंतिम दिन पुलिस लाईन मे दंगाइयों से निपटने का किया प्रदर्शन




**कुरुक्षेत्र, यशबाबू समाचार**

रैपिड एक्शन फोर्स का साप्ताहिक अभ्यास कार्यक्रम मंगलवार को समाप्त हो गया। गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाईडलाईन के अनुसार राकेश कुमार सिंह कमाडैंट 194 वाहिनी के निर्देशानुसार जिला कुरुक्षेत्र में परिचित अभ्यास के लिये 22 फ़रवरी 2023 पहुंची थी। मंगलवर को 194 वाहिनी के सहायक कमान्डैन्ट राजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में अभ्यास के अंतिम जिला पुलिस लाईन मे दंगा होने की स्थिति मे दंगाइयों से कैसे निपटना है उसका प्रदर्शन जिला पुलिस के जवानों के सामने किया गया। आरएएफ द्वारा प्रयोग मे लाऐ जा रहे विभिन्न हथियारो तथा स्पेशल उपकरणों से पुलिस के जवानों को परिचित कराया गया। इस अभ्यास में निरीक्षक राजबीर, पसविन्द्र सिहं व निरीक्षक मीतू कुमारी तथा अन्य जवानों ने भाग लिया। गौरतलब है कि गृह मंत्रालय भारत सरकार की गाईडलाईन के निर्देशानुसार 194 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स की एक टुकड़ी कमाण्डेंट राकेश कुमार सिंह व राजीव कुमार एसिसस्टैंट कमाण्डेन्ट के नेतृत्व में जिला कुरुक्षेत्र के विभिन्न स्थानों की जानकारी जुटाने के लिये कुरुक्षेत्र पहुंची थी। रैपिड एक्शन फोर्स के अधिकारियों ने जिला के अधिकारियों से मुलाकात कर कुरुक्षेत्र की भौगोलिक स्थिति व जिला में स्थापित महत्वपूर्ण संस्थानो के बारे में चर्चा की थी। इस दौरान उन्होंने कुरुक्षेत्र की कानून व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था बारे भी विस्तार से चर्चा की हुई थी। सप्ताहभर चले अभ्यास कार्य्रम के दौरान आरएएफ की टीमों ने विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर वहां के जन-प्रतिनिधियों से मुलाकात करके हालातों के बारे में जायजा लिया गया। रैपिड एक्शन फोर्स की टीम ने पुलिस की टीमो के साथ मिलकर फ्लैग मार्च भी निकाले। इस अवसर पर डीएसपी नायब सिंह ने आरएएफ के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस प्रदर्शन से जिला पुलिस के जवानों को दंगा जैसे हालातों में प्रदर्शनकारियों से निपटने में आसानी होगी। इसके लिए उन्होंने 194 बटालियन के जवानों तथा अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। रैपिड एक्शन फोर्स के असिस्टेंट कमांडेंट राजीव कुमार सिंह ने जिला उपायुक्त शांतनु शर्मा पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह गोरिया वह जिला के अन्य अधिकारियों से सकारात्मक सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

Hindustan, Jamshedpur, (JKD)

# शहीद जवान की बेटी के विवाह में रैफ के जवान बने भाई, निभाई सारी रस्में



लड़की को जलमाल के लिए लाते जवान।

सिटी रिपोर्टर | जमशेदपुर

रैपिड एक्शन फोर्स (रैफ) के जवानों ने अपने साथी शहीद की बेटी का विवाह भाई बनाकर कराया। विवाह मानगो में हुआ, जिसमें रैफ के अधिकारी से लेकर महिला, पुरुष जवांन शामिल हुए। सीआरपीएफ में 23 वर्षों तक कार्यरत रहे शहीद सैनिक राणा प्रताप सिंह का 79 वाहिनी सीआरपीएफ, श्रीनगर, जम्मू व कश्मीर में ड्यूटी पर तैनात थे। ड्यूटी के दौरान वर्ष 2017 में हार्ट अटैक से उनका निधन हो गया था। उनकी प्रथम पुत्री प्रियंका का विवाह मानगो में हुआ तो उनमें सहयोग करने के लिए 106 वाहिनी द्रुत कार्य बल (रैफ) के अधिकारी, अधीनस्थ अधिकारी, महिला व पुरुष सैनिक शामिल हुए। प्रियंका केवल दो बहनें ही है। जवानों ने भाई का फर्ज निभाते हुए बहन (प्रियंका) को चुनरी ओढ़ाकर मंडप तक लाया। शादी में हर तरह का सहयोग किया। रैफ ने समाज के लिए एक मिसाल पेश की है। रैफ के जवानों के साथ बेटी को आशीर्वाद देने के लिए रैफ के असिस्टेंट कमांडेंट मुकेश कुमार भी परिवार के साथ शामिल हुए। शादी में मौजूद लोगों ने रैफ के कार्यों की सराहना की।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।